Prepp
Your Personal Exams Guide

# 2023

# ECONOMICS

# अर्थशास्त्र

**Time: 3 hours** | **Maximum Marks: 200**

समय: 3 घंटे | अधिकतम अंक : 200

## Question paper specific instructions

### प्रश्न प्रत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

**1. This paper is divided into two Sections, Section-A and Section-B.**
ये प्रश्नपत्र दो खंडों में विभाजित है, खंड-A और खंड-B

**2. Each Section contains four (4) questions.**
प्रत्येक खंड में चार प्रश्न है।

**3. Candidate has to attempt five questions in all.**
परीक्षार्थी को पांच प्रश्नों का उत्तर लिखना है।

**4. Question Nos. 1 and 5 are compulsory and out of the remaining, THREE questions are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.**
प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य है और शेष प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर लिखना है, प्रत्येक खंड से एक प्रश्न को हल करना है।

**5. Word limit in questions, where specified, should be adhered to.**
प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

**6. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.**
प्रत्येक प्रश्न/ भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**7. Questions are printed in English & Hindi languages. In case of any ambiguity in translation of any question, English version shall be treated as final.**
प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में छपा है। प्रश्नों के अनुवाद में किसी अस्पष्टता की स्थिति में, अंग्रेजी सस्करण को ही अन्तिम माना जाएगा।

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION A (खंड A)

Q 1. Write notes on the following in not more than 150 words each:
निम्नलिखित पर प्रत्येक 150 शब्दों में टिप्पणी लिखें

1(a) Explain the concept of General equilibrium of L-Walras. (8)
वालरा महोदय के सामान्य सस्थिति की अवधारणा की व्याख्या कीजिये।

1(b) Using Suitable diagram discuss the surplus and deficit situation of Balance of Payment in IS-LM model. (8)
उचित आरेखों की सहायता से भुगतान शेष में आधिक्य व घाटे की आइ एस एल एम माडल के अन्तर्गत व्याख्या करें।

1(C) Discuss the demand of money function of Milton Friedman (8)
मिल्टन फ्रिडमैन द्वारा प्रस्तुत मुद्रा की मॉग फलन को समझाइये

1(d) What do you understand by Income Terms of Trade? How is this related to gains from trade in specific reference to emerging countries? (8)
व्यापार की आय की शर्तो से क्या समझते है? विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के विशेष संदर्भ में इनका व्यापार जनित लाभ से क्या सम्बन्ध है?

1(e) Differentiate between balance growth and unbalanced growth which according to you is more suitable for a developing country? (8)
संतुलित तथा असंतुलित विकास रणनीतियों में भेद कीजिए। आपकी दृष्टि में कौन सी रणनीति विकासशील राष्ट्रों के लिए अधिक श्रेष्ठ है?

Q2. Write answer to the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

2(a). Explain the concept of reaction curves. How cournot Nash equilibrium of duopoly can be reached with the help of reaction curves? (Word limit: 250) (10)
प्रतिक्रिया वक्रों की अवधारणा को समझाइये। प्रतिक्रिया वक्रों के माध्यम से कूर्नो के उपाधिकार माडल में कूर्नो–नैश संस्थिति किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है? (शब्द सीमा:250)

2(b). "The kinked demand model of Paul M Sweezy demonstrates only the price rigidity and not as to how price is fixed" Explain. (Word limit: 300) (15)
'पाल स्वीजी का विकुचित मॉग माडल केवल कीमत द्रढ़ता को प्रदर्शित करते है न कि कीमत निर्धारण वैसे होता है को' व्याख्या कीजिये। (शब्द सीमा:300)

2(c). Critically evaluate the Keynesian theory of employment. (Word limit: 300) (15)
केन्स के रोजगार सिद्धान्त की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए। (शब्द सीमा:300)

Q3. Write answer to the following questions.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

3(a). Balance of Payment is always balanced but seldom Equilibrium Explain the statement (Word limit: 250) (10)

'भुगतान शेष सदैव सन्तुलित रहता है किन्तु बहुत कम सस्थिति में रहता है' इस कथन की व्याख्या कीजिए। (शब्द सीमा:250)

3(b). Explain the importance of WTO in present context. Do you think that Intellectual property rights (IPR) agreement of WTO adversely impacts innovation in less developed countries. (Word limit: 300) (15)

वर्तमान संदर्भ में विश्व व्यापार संगठन के महत्व की व्याख्या कीजिए। क्या आपको लगता है कि विश्व व्यापार संगठन का बुद्धजीवी सम्पदा अधिकार समझौता अल्प विकसित देशों के नवद्रवर्तन को विपरीत ढंग से प्रभावित करता है? (शब्द सीमा:300)

3(c). Explain with suitable example the product cycle theory of International trade? (Word limit: 300) (15)

उचित उदाहरणों से अन्तराष्ट्रीय व्यापार की जीवन चक्र सिद्धान्त को समझाइये। (शब्द सीमा:300)

Q4. Write answer to the following questions.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

4(a). Explain the role of three individualities discussed in big push model of economic development of rosenstein Rodan. (Word limit: 250) (10)

रोजेन्स्टीन रोडा द्वारा प्रदत्त प्रबल प्रयास के आर्थिक विकास के सिद्धान्त में दी गयी तीन अविभाज्यताओं की भूमिका को समझाइये। (शब्द सीमा:250)

4(b). Write a short essay on Solows model of economic growth how endogenous growth model are an improvement on Solows growth model? (Word limit: 300) (15)

सोलो के आर्थिक विकास के माडल पर एक लघु निबंध लिखिए। अन्तर्जात सबृद्धि माडल किस प्रकार से इस माडल से श्रेष्ठ है? (शब्द सीमा:300)

4(c). "Public expenditure tend to increase at all times"? discuss the theory of wise man peacock to explain the above statement. (Word limit: 300) (15)

'सार्वजनिक व्यय की प्रवृत्ति सदैव बढ़ने की होती है' इस कथन की व्याख्या हेतु वाइस मैन पीकाक के सिद्धान्त की व्याख्या करें। (शब्द सीमा:300)

Prepp
Your Personal Exams Guide

## Section- B (खण्ड – B)

Q5. Write answers to the following questions in not more than 150 words each:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक 150 शब्दों से अधिक में न लिखें। 5 x 8 = 40

5(a). Discuss the commonality in salient features of different land settlements of British India. (8)

ब्रिटिश भारत में लागू हुए भूमि व्यवस्था कार्यक्रमों के महत्वपूर्ण लक्षणों की समानताओं की विवेचना कीजिए।

5(b). Define cottage Industry. What is the role of cottage Industry in present period of Industrialization? (8)

कुटीर उद्योग की परिभाषा दीजिए। वर्तमान औद्योगिक ग्रुप में इसकी क्या भूमिका है?

5(c). Write a short essay on CN Vakil's contribution to Economics ideas. (8)

सी एन वकील के आर्थिक विचारों के योगदान पर एक लघु निबंध लिखिए।

5(d). What is targeted Public distribution system? Explain. (8)

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है? व्याख्या कीजिए।

5(e). What is capital account convertibility? Discuss the recommendations of Tarapore Committee with reference to India. (8)

पूँजी खाता परिवर्तनीयता क्या है? भारत के सन्दर्भ में तारापोर समिति की सिफारिशों को बताइये।

Q6. Write answers to the following questions.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

6(a). Discuss the changing structure of India's experts since economic reforms. (Word limit: 250) (10)

भारत के निर्यातों की संरचना में आर्थिक सुधारों के पश्चात आने वाले मुख्य परिवर्तनों को स्पष्ट कीजिए। (शब्द सीमा: 250)

6(b). What are the important features of Agreement of Agriculture of WTO. How would AOA affect India's Agricultural trade? (Word limit: 300) (15)

विश्व व्यापार संगठन के कृषि समझौते की क्या प्रमुख विशेषतायें है? भारतीय कृषि व्यापार को यह कैसे प्रभावित करेगा? (शब्द सीमा:300)

6(c). Fiscal deficit is called the barometer of a country's fiscal health. Explain the growth of fiscal deficit in India during Covid and its consequences. (Word limit: 300) (15)

किसी राष्ट्र के राजकोषीय स्वस्थ्य का बैरोमीटर राजकोषीय घाटा कहलाता है? भारत मे कोविड के पश्चात राजकोषीय घाटा बढ़ाने के परिणामों की व्याख्या कीजिए। (शब्द सीमा:300)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q7. Write answer to the following questions.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

7(a). In India Panchyati Raj System began in Second plan but real decentralized planning began with constitutional amendment 73 and 74. Write the importance of decentralized planning in such a vast county like India? (Word limit: 250) (10)

भारत में पंचायती राज व्यवस्था द्वितीय योजना में प्रारम्भ हुई किन्तु वास्तविक विकेन्द्रीकृत योजना 73 व 74वे संवैधानिक संशोधन प्रारम्भ हुआ? विकेद्रित योजना भारत जैसे विशाल देश के लिए क्या महत्व रखती है? (शब्द सीमा: 250)

7(b). Explain the role of RBI in fulfilling the twin objective of Financial stability and economic growth citing some examples? (Word limit: 300) (15)

कुछ उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए कि किस प्रकार भारतीय रिजर्व बैंक अपने दोनों उद्देश्यों वित्तीय स्थिरता तथा आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है? (शब्द सीमा: 300)

7(c). "There is no doubt that India's National Income and per capita Income has increased since Economic reforms but the regional disparities are still a big challenge" Explain the statement. (Word limit: 300) (15)

'इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय में आर्थिक सुधारों के पश्चात पर्याप्त वृद्धि हुई है किन्तु क्षेत्रीय असमानता अभी भी चिन्ता का विषय है' इस कथन की व्याख्या कीजिए। (शब्द सीमा:300)

Q 8. Write answers to the following questions.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

8(a). Explain the cause that led to change in Economic policy of India in 1991 (Word limit: 250) (10)

1991 में भारतीय नीतियों के परिवर्तन जिन कारणों से हुए उनकी व्याख्या कीजिए। (शब्द सीमा: 250)

8(b). Some economist argue that policy change of 1991 have led to jobless growth. Do you agree? Give few employment generation policies adopted by Government of India adopted since economic reforms. (Word limit: 300) (15)

कुछ अर्थशास्त्री कहते हैं कि आर्थिक सुधारों के पश्चात रोजगार विहीन संबृद्धि हुई है। क्या आप इससे सहमत हैं। कुछ रोजगार सृजन नीतियों को बतलाइये जिसे भारत सरकार ने आर्थिक सुधारों के पश्चात अपनाया है। (शब्द सीमा: 300)

8(c). What do you understand by Multi dimensional poverty? Discuss some steps taken by Government of India to reduce Multi Dimensional Poverty. (Word limit: 300) (15)

बहु आयामी दरिद्रता से आप क्या समझते है? भारत सरकार द्वारा बहुआयामी दरिद्रता को कम करने हेतु उठाये गये कुछ कदमों को बताइये। (शब्द सीमा: 300)

Prepp
Your Personal Exams Guide